SLCM GROUP IN NEWS:

Publication	Date	Edition	Page No
Veer Arjun	March 20, 2025	Delhi	13

वीर अर्जुन

एसएलसीएम ने म्यांमार में नेतृत्व को मजबूत किया, फियो मे विन बनीं कंट्री हेड

नोएडा:भारत की प्रमुख पोस्ट-हार्वेस्ट लॉजिस्टिक्स और कृषि समाधान कंपनी सोहन लाल कमोडिटी मैनेजमेंट ने म्यांमार में अपने संचालन के लिए फियो मे विन को बिजनेस डेवलपमेंट और रणनीतिक पहलों की कंट्री हेड नियुक्त किया है। इस भूमिका में फियो मे विन म्यांमार में एसएलसीएम के संचालन की देखरेख करेंगी, रणनीतिक विकास को गति देंगी और भागीदारियों को मजबूत करेंगी, जिससे कंपनी की बाजार में स्थिति और सुदृढ़ होगी। यह नियुक्ति म्यांमार में कृषि और गैर-कृषि उत्पादों के लिए वैज्ञानिक वेयरहाउसिंग समाधान और डिजिटल तकनीकों के संयोजन (फिजिटल सॉल्यूशंस) को लागू करते हुए एसएलसीएम के संचालन के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। फियो मे विन एक एमबीए और प्रमाणित परियोजना प्रबंधन विशेषज्ञ हैं। उनके पास लगभग 24 वर्षों का व्यापक अनुभव है और उन्होंने व्यावसायिक विकास, बिक्री नेतृत्व और रणनीतिक वृद्धि के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया है। वह संयुक्त राष्ट्र (खाद्य और कृषि परियोजनाओं), प्रमुख हॉस्पिटैलिटी ब्रांड्स और प्रूडेंशियल जैसी कंपनियों में अहम पदों पर रह चुकी हैं। एसएलसीएम म्यांमार के वेयरहाउसिंग क्षेत्र में प्रवेश करने वाली पहली भारतीय कंपनी है और पिछले 10 वर्षों में इस बाजार में अच्छी प्रगति की है। अब तक कंपनी 300 से अधिक वेयरहाउस का संचालन कर चुकी है, जिनका कुल प्रबंधन मूल्य 88.72 मिलियन अमेरिकी डॉलर लगभग 722 करोड़ रुपये है।